हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 2 अप्रैल 2025

11 जिले के 16 गांव प्राथमिक स्तर पर ड्रग मुक्त घोषित



12 शैक्षणिक सत्र शुरू, पहली से आठवीं तक की नहीं पहुंची पुस्कतें



**खबर संक्षेप**

### घायल महिला की उपचार के दौरान मौत

**सिरसा।** जिला के गांव रूपावास के निकट हुए हादसे में उपचाराधीन एक महिला की मौत हो गई है। पुलिस को दी शिकायत में हनुमानगढ़ जिले के बीरान निवासी शिवकुमार ने बताया कि वह शादी-समारोह में रोटी बनाने का ठेका लेता है। बीती 29 मार्च को राजस्थान के बरूवाली में शादी में काम के लिए गया हुआ था। उसके साथ रेणू उसके साथ लेबर पर आई थी। काम के बाद वह फतेहाबाद जा रहे थे। शाम करीब 5.30 बजे वह रूपावास से थोड़ा आगे चौपटा रोड पर पहुंचे तो पीछे से आ रही गाड़ी ने टक्कर मार दी।

### टोहाना शहर से युवती लापता, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** जिले के शहर टोहाना से एक युवती के लापता होने का समाचार है। इस बारे परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में भाटिया नगर टोहाना निवासी महिला ने कहा है कि उसकी 20 वर्षीय लडक़ी गत दिवस सुबह करीब साढ़े 6 बजे घर से काम के लिए गई थी और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है। इस पर उन्होंने काफी जगह उसकी तलाश की लेकिन जब उसका कहीं कुछ पता नहीं चला तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

### जेजेपी की जिला स्तरीय बैठक 3 को

**सिरसा।** जननायक जनता पार्टी के पूर्व पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की जिला स्तरीय बैठक 3 अप्रेल को सुबह 11 बजे जेजेपी के जिला कार्यालय में होगी। इस सिलसिले में जेजेपी के जिला कार्यालय प्रभारी हरिसिंह भारी ने बताया कि बैठक में सिरसा के नियुक्त किए गए तीन प्रभारियों पूर्व राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लितानी, कुलजीत कुलडिय़ा व सेवानिवृत्त एक्सीएन धर्मपाल के अलावा जेजेपी के प्रदेश के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला विशेष रूप से उपस्थित पूर्व पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती एवं विस्तार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश देंगे।

### प्रवेशोत्सव पर छात्रों का स्वागत

**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बप्पा में मंगलवार को प्रवेशोत्सव मनाया गया जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य दलजीत सिंह ने की। इस आयोजन में आसपास के प्राइमरी मॉडल संस्कृति विद्यालय से पांचवीं कक्षा के छात्रों और मिडिल विद्यालय से स्थानांतरित छात्रों का भव्य स्वागत किया गया। फूलमालाओं और तिलक लगाकर छठी कक्षा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का अभिनंदन किया गया।

---

### सरकार को भेजी गिरदावरी की रिपोर्ट

# राजस्व विभाग ने रिपोर्ट में नुकसान को बताया 'शून्य'

*ओलावृष्टि से 146 गांवों में 2666 किसानों ने फसल खराबे का मांगा था मुआवजा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

दिसम्बर मास में ओलावृष्टि से फसलों में हुए खराबे की गिरदावरी का काम पूरा हो गया है। गिरदावरी का काम पूरा होते ही राजस्व विभाग ने पोर्टल के माध्यम से अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी है जिसमें फसल के खराबे को शून्य माना गया है। यानि कि ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर डाले गए खराबे के दावों को गिरदावरी रिपोर्ट में पूरी तरह झूठा पाया गया है। दरअसल जब ओलावृष्टि हुई थी, तब फसल की बिजाई को 2 से 3 सप्ताह ही हुए थे। ऐसे में ओलावृष्टि से फसल खराब होने की बजाय उन फसलों में उत्पादन ज्यादा हो रहा है। गिरदावरी रिपोर्ट में पटवारी से लेकर एसडीएम तक ने भी इसकी पुष्टि की है। बता दें कि 27 दिसम्बर 2024 को ओलावृष्टि हुई तो 13 गांवों में फसल खराबे का अनुमान लगाया गया था। सरकार ने आदेश दिए कि जिन गांवों में फसल खराब हुई है, वह किसान अपने दावे ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर डाल सकते हैं। तब जिले के 146 गांवों के 2666 किसानों ने खराबे के दावे किए थे। अब राजस्व विभाग ने अपनी रिपोर्ट में नुकसान शून्य पाया है। यानि कि अब ओलावृष्टि से खराब हुई फसल का किसी किसान को मुआवजा नहीं मिलेगा। पिछले 27 दिसंबर को फतेहाबाद सहित पांच जिलों में ओलावृष्टि व बारिश हुई थी। ओलावृष्टि व बारिश से फतेहाबाद जिले में हजारों एकड़ भूमि में खड़ी गेहूं, सरसों, चना के अलावा टमाटर, आलू, किन्नू, खरबूजा व तरबूज की फसल को नुकसान पहुंचने के दावे किए गए थे। जिले में उस समय 13 गांवों में ओलावृष्टि से फसल बर्बादी की बात सामने आई थी। ओलावृष्टि के बाद प्रदेश के सीएम नायब सिंह सैनी ने किसानों को मुआवजे के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने का ऐलान किया था। जिले में 20 जनवरी तक कुल 146 गांवों के 2666 किसानों ने 18487 एकड़ भूमि में खराबे के दावे किए हैं। जिन किसानों ने गांवों में अपनी फसल खराब होने के दावे अपलोड किए हैं, उन गांवों में 20 जनवरी को पोर्टल बंद होने के बाद पटवारी, कानूनगो, तहसीलदार, एसडीएम व डीसी की टीमें अलग-अलग फसलों का सर्वे शुरू कर दिया था। राजस्व विभाग के अनुसार पटवारी व कानूनगो प्रत्येक गांव में जाकर खराबे को वेरिफाई किया है। गिरदावरी में राजस्व विभाग ने अधिकांश गांवों में खड़ी फसल में खराबा नहीं पाया गया। अधिकतर गांवों में मुआवजे के लालच में किसानों ने फर्जी दावे डालकर मुआवजा मांगा है।



फतेहाबाद। ओलावृष्टि से खराब हुई फसल। (फाइल फोटो)

**फसल नहीं हुई खराब**

जिले में जब ओलावृष्टि हुई थी तो प्रारंभिक रिपोर्ट में 13 गांवों में ओलावृष्टि से फसल खराबे की रिपोर्ट मिली थी। इसके बाद ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर 146 गांवों के 2666 किसानों ने अपनी फसल में खराबा बताया था। पटवारियों ने गिरदावरी का काम पूरा कर लिया है। गिरदावरी टीम ने जांच में पाया कि जिले में ओलावृष्टि से कहीं कोई फसल खराब नहीं हुई है। अब मण्डियों में फसल आ रही है तो इसका प्रैक्टिकल में भी अंदाजा लगाया जा सकता है। गिरदावरी रिपोर्ट सरकार को भेज दी गई है।

**श्याम लाल, जिला राजस्व अधिकारी**

---

## गेहूं कटाई के चलते फतेहाबाद के गांवों में 10 घंटे बंद रहेगी बिजली

*आगजनी की घटनां रोकने के लिए लिया फैसला*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रदेश में गेहूं की सरकारी खरीद आज से शुरू हो गई है। इस समय खेतों में गेहूं की फसल आने वाले कुछ दिनों में पककर तैयार हो जाएगी और गेहूं कटाई का काम शुरू हो जाएगा। गेहूं कटाई के सीजन में खेतों में आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए बिजली निगम ने ग्रामीण इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रखने का फैसला लिया है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए बिजली निगम ने ग्रामीण इलाकों में 30 अप्रैल तक दिन के समय 10 घंटे बिजली बंद रखने का निर्णय लिया। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अब सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली बंद रहेगी। शाम 6 बजे के बाद ही बिजली सप्लाई बहाल होगी। 10 घंटे बिजली बंद रहने वाले ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता है। बिजली निगम के एक्सईएन संदीप मेहता के अनुसार, इस समय गेहूं की फसल पक चुकी है। कई बार बिजली की तारों से स्पार्किंग या अन्य किसी तरह की चिंगारी निकलने पर फसल जलने की घटनाएं सामने आती रही हैं। इस कारण दिन के समय में बिजली सप्लाई बंद रखने का निर्णय लिया गया है। 1 से 30 अप्रैल तक आरडीएस फीडरों यानी घरेलू सप्लाई और ट्यूबवेल यानी एपी फीडरों की सप्लाई सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक बंद रहेगी।

**बिजली कटौती से 7 लाख आबादी होगी प्रभावित**

बता दें कि जिले में दिन के समय में बिजली कटौती के कारण 7 लाख से अधिक आबादी प्रभावित होगी। जिले के करीब 360 गांवों में 7 लाख से अधिक आबादी रहती है। ऐसे में 10 घंटे लगे कट के कारण इस आबादी को गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। वहीं, ग्रामीण इलाकों में दुकानदारों का कामकाज भी प्रभावित होगा।

---

### 3 अप्रैल से छह चरणों में होगी हड़ताल

## भूख हड़ताल में बढ़ चढ़कर भाग लेंगे रोडवेज कर्मचारी : सांझा मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा सांझा मोर्चा के बैनर तले पूर्व में घोषित 3 अप्रैल से होने वाली छह चरणों की भूख हड़ताल में बढ़ चढक़र भाग लेंगी। इस सिलसिले में सांझा मोर्चे के सदस्य निशान सिंह, जयबीर घणघस, अनूप लाठर, रमेश मलिक, मुकेश दूहन, डिपो प्रधान रिछपाल सिंह, सचिव सुरेंद्र बैरागी ने संयुक्त रूप से बताया कि सरकार द्वारा 23 जून 2023 व 16 जुलाई 2024 की कर्मचारियों की अनेक मांगों पर सहमति जताई थी, जिन्हें लागू करने का भरोसा दिया था। मांगों के लागू करने के परिपत्र आज तक जारी नहीं किए गए हैं, जिससे कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। मांगों को लागू करवाने के सांझा मोर्चे के बैनर तले सभी डिपूओं में छह चरणों मे 3 अप्रेल, 8 अप्रेल, 16 अप्रेल, 24 अप्रेल व 5 मई को भूख हड़ताल की जाएगी। प्रथम चरण में 3 अप्रेल 2025 को कुरुक्षेत्र, फतेहाबाद, भिवानी, फरीदाबाद डिपो में 24 घंटे की भूख हड़ताल की जाएगी। कर्मचारियों की मुख्य मांगों में परिचालक, चालक, लिपिक के वेतनमान की वेतन विसंगति दूर करके ग्रेड पे बढ़ाया जाए। चालक, परिचालकों को सीमित ओवर टाईम देने के आदेश पत्र को वापिस लिया जाए।

---

## लॉर्ड शिवा कॉलेज में यूथ फेस्टीवल का शुभारंभ

- बीफार्म डीफार्म डीएमएलटी व नर्सिंग के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

लॉर्ड शिवा कालेज आफ फार्मेसी में दो दिवसीय यूथ फेस्टीवल फेस्टी-नो-बीट् 2025 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि स्थानीय एयरफोर्स स्टेशन की सक्वारडियन लीडर निष्ठा पाठक थी, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के महानिदेशक देश कमल बिश्नोइ ने की। इस यूथ फेस्टीवल में बीफार्म डीफार्म डीएमएलटी व नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्यातिथि देशकमल बिश्नोई ने कहा कि विद्यार्थीयों के मानसिक विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ समय-समय पर इस प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम की भी अत्याधिक आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक व्यायाम जैसे योग इत्यादि करने चाहिए व मानसिक विकास को भी सुधारने के लिए अपने जीवन में मेडिटेशन को स्थान देना चाहिए। प्राचार्य जितेन्द्र सिंह ने कहा कि यूथ फेस्टीवल विद्यार्थी जीवन का अहम हिस्सा है जिससे उसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। कॉलेज प्रवक्ता विष्णु शर्मा ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में बीफार्मेसी की छात्रा ने शिव तांडव पर नृत्य कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम के दौरान फेशन शो, राजस्थानी डांस, भांगड़ा, हरियाणवी डांस, फन्नी गेम्स, एकल गायन, एकल नृत्य, डयूट सोंग प्रस्तुत कर कार्यकम में समां बांध दिया। निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा कौशल के अलावा उनकी सोच व विचारों के आधार पर परखने के बाद निर्धारित अवार्डें के लिए चयनित किया। इस मौके पर गजल मेहता, आरती नरूला, दीक्षा, दीक्षा कटारिया, भूपेन्द्र आदि मौजूद रहे।



सिरसा। यूथ फेस्टीवल का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि। फोटो :हरिभूमि

### अग्निवीर के लिए 10 तक करवाएं पंजीकरण

**सिरसा।** भारतीय सेना में अग्निवीरों की भर्ती के रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। अग्निपथ भर्ती वर्ष 2025-26 के लिए इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट ड्वाइनइंडियनआर्मीडॉटएनआईसी डॉटइन पर विजिट कर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि 10 अप्रैल है। हिसार सेना भर्ती कार्यालय के भर्ती निदेशक ने बताया कि अग्रिपथ योजना के तहत ऑनलाइन परीक्षा के लिए अभ्यर्थी द्वारा आवेदक परीक्षा शुल्क 250 रुपये का भुगतान किया जाना है। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार अपनी योग्यता के अनुसार दो अग्निवीर श्रेणी के लिए आवेदन कर सकते हैं, अबकी बार ऐसा विकल्प भी दिया गया है।

---

## आगजनी से घिरे बिजली पोल ने पकड़ी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

शहर के वार्ड नंबर 21में नोहरिया बाजार की गली बावड़ी वाली के नुक्कड़ पर लगे बिजली के पोल पर बीते सोमवार देर रात आग लगने से बाजार में हडक़ंप मच गया। गनीमत ये रही कि इस आगजनी में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात करीब 11.30 बजे गली बावड़ी वाली के नुक्कड़ पर लगे बिजली के पोल पर लगी तारों एवं बिजली के मीटरों में आग लग गई जिससे ऊंची ऊंची लपटें उठने लगी। इस दौरान बाजार के लोगों ने देर रात पूर्व पार्षद प्रतिनिधि अमित सोनी को मामले की सूचना दी जिस पर उन्होंने फौरन बिजली निगम के एसडीओ रमेश कुमार को बिजली के पोल पर आग लगने व तुरंत बिजली सप्लाई बंद करवाने का आग्रह किया। इस पर निगम के एसडीओ ने तुरंत बिजली सप्लाई बंद करवाई और अपने कर्मचारियों को मौके पर भेजा। आग इतनी भयंकर थी कि देखते ही देखते आग ने बिजली पोल पर लगे सभी मीटरों, केबल तारों, फ्लेक्स व बिजली की तारों को अपनी चपेट में ले लिया। फायर ब्रिगेड एवं डायल-112 की टीम भी सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास आरंभ किए। देर रात बिजली निगम के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद बिजली आपूर्ति बहाल की।



---

## फतेहाबाद जिले में 25 अप्रैल को दाखिल होगी साइक्लोथॉन, डीसी के अधिकारियों को निर्देश

- नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रदेश के युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए हिसार से 5 अप्रैल से साइक्लोथॉन का शुभारंभ होगा। ड्रग फ्री हरियाणा थीम को लेकर यात्रा प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों से गुजरेगी। इसको लेकर सीएम नायब सिंह सैनी ने जिला फतेहाबाद सहित प्रदेश के सभी जिलों में साइक्लोथॉन को सफल बनाने के लिए निर्देश जारी किए है। उपायुक्त मनदीप कौर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले के ग्राम पंचायतों, कॉलेजों, स्कूल, एनजीओ, विभिन्न एसोसिएशन, नशा मुक्ति केंद्र आदि को ड्रग फ्री हरियाणा मुहिम में शामिल किया जाएगा। फतेहाबाद जिला की साइकिल यात्रा में सक्रिय भागीदारी रहेगी। साइक्लोथॉन 25 अप्रैल को हिसार की तरफ से जिला फतेहाबाद की सीमा में प्रवेश करेगी। साइक्लोथॉन का जिला में जनभागीदारी के साथ भव्य स्वागत किया जाएगा। यह महत्वपूर्ण यात्रा जिला वासियों को नशे के खिलाफ संदेश देगी।

---

### चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

## कृषि भूमि बेचने के नाम पर दो किसानों से लाखों रुपये ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

कृषि भूमि बेचने के नाम पर हिसार के दो किसानों से लाखों रुपये की ठगी होने का समाचार है। इस मामले में भूना पुलिस ने कुलां के दो प्रोपर्टी डीलरों सहित चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में हिसार के गांव डाबड़ा निवासी प्रेम कुमार ने कहा है कि उसने और उसके रिश्तेदार राममेहर निवासी बुगाना ने कृषि भूमि खरीदनी थी। इस पर उनकी मुलाकात जयबीर व रामकुमार पुत्र कर्मचंद निवासी मंघेड़ा जिला फतेहाबाद से हुई। इन लोगों ने उन्हें बताया कि वह कुलां में गुरूनानक प्रोपर्टी डीलर के नाम से कृषि भूमि खरीदने व बेचने का काम करते हैं। इन लोगों ने उन्हें प्यारा सिंह निवासी दिगोह की गांव भूंदड़ा में 21 एकड़ कृषि भूमि के बारे में बताया। इसके बाद उन्होंने 47 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से सौदा कर लिया। जयबीर ने कहा कि वह मंघेड़ा का सरपंच है और उसे चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। प्रेम कुमार ने कहा कि इसके बाद उन्होंने साई के तौर पर साढ़े 15 लाख रुपये दे दिए और 30 अप्रैल 2025 रजिस्ट्री की तारीख तय हुई। बाद में उन्हें पता चला कि जयबीर, रामकुमार ने प्यारा सिंह के साथ साजबाज होकर एक साजिश के तहत 21 एकड़ जमीन का सौदा करवाया है। उस जमीन में से 66 कनाल 19 मरले जमीन गांव भूंदड़ा में स्थित सरप्लस भूमि के अधीन है और यह मामला अदालत में विचाराधीन है। इस पर जब उन्होंने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कुछ दिन में पैसे वापस करने का आश्वासन दिया लेकिन बाद में वह इसे लेकर टाल-मटोल करते रहे। इसके बाद उन्होंने पैसे वापस मांगने पर उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

---

### पूर्व सांसद व पूर्व जिलाध्यक्ष के बीच विवाद पर कहा : आपसी असहमतियां हो सकती हैं, विवाद नहीं

# दलबदलू और पार्टी का विरोध करने वालों को किसी भी सूरत में वापस नहीं लिया जाएगा : प्रवीण जोड़ा

*5 अप्रैल को सीएम नायब सिंह सैनी हिसार से ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश साइक्लोथॉन का शुभारंभ करेंगे*
*25 अप्रैल की संध्या को रात्रि ठहराव फतेहाबाद में होगा 26 को यात्रा सिरसा के लिए प्रस्थान करेगी*

**2029 में भाजपा सभी विधानसभा सीटों पर कमल खिलाने के लिए प्रतिबद्ध**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा कहा कि पार्टी का स्पष्ट मत है कि जिसने भी चुनावों में दल-बदल कर पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी का विरोध किया, उसे किसी भी सूरत में पार्टी में वापस नहीं लिया जाएगा। 2029 में भाजपा लोकसभा और जिले की सभी विधानसभा सीटों पर कमल खिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रवीण जोड़ा मंगलवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। जिलाध्यक्ष बनने के बाद यह उनकी पहली प्रेसवार्ता थी।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल और पूर्व जिला प्रधान बलदेव ग्रोहा के बीच विवाद पर कहा कि दोनों में कोई विवाद नहीं है। भाजपा बड़ा परिवार है। कई बार असहमतियां हो जाती है लेकिन सभी फैसले पार्टी सामुहिक तौर पर लेती है। बलदेव ग्रोहा द्वारा नियुक्त किए गए मंडल प्रधानों को हटाने के सवाल पर जोड़ा ने कहा कि पार्टी की शर्त है कि मंडल प्रधान उसे बनाया जाए जिसके पास पहले कोई दायित्व हो। दोनों मंडल प्रधान नए कार्यकर्ता है, इसलिए तकनीकी कारणों से उन्हें बदलना पड़ा लेकिन उन दोनों की ऊर्जा का पार्टी सदुप्रयोग करेगी। भविष्य की रणनीति पर बात करते हुए जिला प्रधान ने कहा कि किसी कारणवश जिला में इस बार लोकसभा और विधानसभा में कमल नहीं खिल पाया लेकिन 2029 के चुनाव में भाजपा जिला की सभी सीटे जीतने के लिए प्रतिबद्ध है। कुछ नेताओं के पार्टी ज्वाईन करने के सवाल पर प्रवीन जोड़ा ने कहा पार्टी का स्पष्ट मत है कि जिसने चुनाव में दलबदल किया या अधिकृत प्रत्याशी का विरोध किया, फिलहाल उसे पार्टी में शामिल नहीं करना है। फतेहाबाद की नगर परिषद में चल रही खींचतान पर भाजपा जिला प्रधान ने कहा कि उन्होंने इस विषय पर उपायुक्त व पूर्व विधायक दुड़ा राम से बात की है और उपप्रधान सविता टुटेजा को विश्वास में लेकर नगर परिषद का बजट पारित करवाया है।




फतेहाबाद। पत्रकारों से बातचीत करते प्रवीण जोड़ा। फोटो :हरिभूमि

**भाजपा के आगामी कार्यक्रमों बारे दी जानकारी**

*जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 5 अप्रैल को सीएम नायब सिंह सैनी हिसार से ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश साइक्लोथॉन का शुभारंभ करेंगे। यह साइकिल यात्रा सभी विधानसभा क्षेत्रों से गुजरेगी। इसी के तहत यह साइकिल यात्रा आगामी 25 अप्रैल को बरवाला से फतेहाबाद में प्रवेश करेगी। 25 अप्रैल की संध्या को रात्रि ठहराव फतेहाबाद में होगा। इस दौरान भाजपा के पदाधिकारी व जिला प्रशासन भी मौजूद रहेगा। 26 अप्रैल को फतेहाबाद से सिरसा के लिए यात्रा प्रस्थान करेगी। जिलाध्यक्ष ने बताया कि 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इसके लिए जिला परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि सुभाष खिचड़ को संयोजक जबकि संकेत गर्ग, निर्मल सिंह, अवतार तलवाड़ा को सहसंयोजक बनाया गया है। इसके अलावा 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह के लिए विकास ललोदा को संयोजक और जोगिंद्र नंदा, प्रदीप मांडन व प्रवीन चंदेल को सह संयोजक बनाया गया है। इस अवसर पर भाजपा नेता जगदीश राय शर्मा, जिला महामंत्री अशोक जाखड़, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, शम्मी ढींगड़ा, सविता टुटेजा, मनजीत गोस्वामी, विक्रम शर्मा, बनवारी लाल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*



# पायरेसी सम्राट बन मुनव्वर फारुकी ने मचाया धमाल...

**मुंबई।** मुनव्वर फारुकी और क्रिस्टल डिसूजा अभिनीत फिल्म 'फर्स्ट कॉपी' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। सिनेमा की दुनिया में कदम रख रहे मुनव्वर इस फिल्म में एक पायरेसी मास्टर की भूमिका अदा कर रहे हैं। लीक फिल्मों के कारणों को फिल्म में दिखाया जाएगा। यह फिल्म दर्शकों को एक रोमांच का अनुभव कराती नजर आ रही है। मुनव्वर फारुकी अपनी आगामी फिल्म 'फर्स्ट कॉपी' से सिनेमा की दुनिया में डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया गया है। यह एक थ्रिलर फिल्म है, जिसका टीजर आपको 90 के दशक में ले जाता है, जहां आरिफ के किरदार में मुनव्वर फारुकी फिल्म उद्योग में पायरेसी दुनिया का मास्टरमाइंड बन जाता है।

लाइफ Style



# तमन्ना

## 'रेड 2' में करेंगी आइटम नंबर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'रेड 2' अपने ऐलान के बाद से ही चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख के साथ-साथ 'रेड 2' के कलाकारों के भी लुक साझा किए थे। फिल्म के टीजर ने भी दर्शकों के बीच काफी उत्साह पैदा किया था, जिसके बाद से दर्शकों को बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार है।

इस बीच अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है। रेड 2 में सीधे-सादे आईआरएस अधिकारी अमय पटनायक की अपनी भूमिका को दोहराने के लिए तैयार हैं। निर्माता एक खास प्रमोशनल नंबर के साथ इसे और भी मसालेदार बना रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, तमन्ना भाटिया को रैपर यो यो हनी सिंह के साथ एक हाई-एनर्जी डांस ट्रैक के लिए साइन किया गया है। विजय गांगुली द्वारा कोरियोग्राफ किया गया यह गाना इस सप्ताह मुंबई के एक स्टूडियो में दो दिनों में फिल्माया जाएगा। यह गाना एक स्टैंडअलोन पोस्ट-क्रेडिट के रूप में काम करेगा। हालांकि, अजय और तमन्ना इस ट्रैक में स्क्रीन स्पेस साझा नहीं करेंगे। बता दें कि अजय और तमन्ना इससे पहले ही 'रेंजर' पर एक साथ काम कर रहे हैं, जिसका निर्देशन मिशन मंगल के जगन शक्ति ने किया है। उम्मीद है कि इस नंबर की शूटिंग खत्म होने के बाद तमन्ना 'रेंजर' के सेट पर शामिल होंगी। राज कुमार गुप्ता द्वारा निर्देशित और रितेश शाह, करण व्यास और जयदीप यादव सहित और टीम द्वारा लिखित रेड 2 अमय पटनायक की 75वीं छापेमारी पर आधारित है। इस बार छापमारी दादा भाई नाम के एक शक्तिशाली टाइकून के खिलाफ होगी, जिसका किरदार रितेश देशमुख ने निभाया है।

## हॉलीवुड मसाला



# स्पाइडर मैनः 'ब्रांड न्यू डे' की घोषणा...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'स्पाइडर मैन' की अभी तक तीन फिल्में सिनेमाघरों में धमाल मचा चुकी हैं। पीटर पार्कर के किरदार से सभी दर्शकों के दिलों में खास जगह बना चुके टॉम हॉलैंड की आगामी फिल्म 'स्पाइडर मैन 4' की आधिकारिक घोषणा मंगलवार को हुई। 'स्पाइडर मैन 4' का नाम 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' घोषित किया गया है। सोनी पिक्चर्स ने एक तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, ''मार्वल स्टूडियोज 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे', 31 जुलाई 2026 को रिलीज होगी।



# प्रेस कॉन्फ्रेंस में रो पड़ा किम सू ह्यून...

**लॉस एंजिल्स।** दक्षिण कोरियाई अभिनेता किम सू ह्यून और दिवंगत अभिनेत्री किम से रॉन के रिश्ते और उनके पर्सनल चैट सामने आने के बाद अभिनेता लगातार विवादों में घिरे हुए हैं। अभिनेता किम सू ह्यून पर आरोप हैं कि वो किम से रॉन के साथ जब रिलेशन में थे, तब अभिनेत्री नाबालिग थीं। किम से रॉन के परिवार ने अभिनेत्री की मौत के बाद दोनों की चैट वायरल की थी, जिसमें दोनों की प्राइवेट बातें थीं। उस चैट के सामने आने के बाद इस बात की और भी पुष्टि हो रही थी कि अभिनेत्री उस समय नाबालिग थीं। अब इस पूरे मामले पर अभिनेता किम सू ह्यून ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में किम सू ह्यून भावुक नजर आए और रोने लगे।



# 'चांद मेरा दिल' में आएंगी नजर...

**मुंबई।** पिछले साल नवंबर में फिल्म निर्माता करण जौहर ने खुलासा किया था कि अनन्या रोमांटिक ड्रामा 'चांद मेरा दिल' में 'किल' अभिनेता लक्ष्य लालवानी के साथ नजर आएंगी। विवेक सोनी के निर्देशन में बनी रोमांटिक-कॉमेडी साल 2025 में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के अलावा अनन्या 'केसरी चैप्टर 2' में भी नजर आएंगी। फिल्म में अनन्या के अलावा अक्षय कुमार और आर. माधवन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं, हाल ही में मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुंबई में आईपीएल मैच हुआ। मैच की ओपनिंग सेरेमनी के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री और चंकी पांडे की बेटी अनन्या ने अपनी दमदार परफॉर्मेंस से वहां पर मौजूद सभी लोगों का दिल जीत लिया।



# वाणी से फ्लर्ट करते दिखे फवाद...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'अबीर गुलाल' का टीजर पोस्ट किया है। इस टीजर में फवाद खान और अभिनेत्री बारिश के मौसम में एक कार में बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में फवाद एक पुरानी फिल्म '1942: अ लव स्टोरी' का एक गाना 'कुछ ना कहो' गाते दिख रहे हैं, जिसके बाद वाणी ने अभिनेता से सवाल किया कि क्या वह फ्लर्ट कर रहे हैं, तो अभिनेता ने कहा कि आप क्या चाहती हैं कि वह करें। इस वीडियो को पोस्ट करते समय वाणी ने कैप्शन में लिखा कि इंतजार खत्म। साथ ही लिखा कि 9 मई को सिनेमाघरों में मिलते हैं। आरती एस बागड़ी के निर्देशन में इस फिल्म को बनाया जा रहा है। इस फिल्म को ए रिचर लेंस के बैनर तले तैयार किया जा रहा है, जिसमे आरजय पिक्चर्स का सहयोग है।

## टीवी मसाला



# एकता कपूर ने 'नागिन 7' पर लगाई मुहर...

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने अपने प्रसिद्ध 'नागिन' सीरियल के सातवें सीजन की पुष्टि आधिकारिक तौर पर कर दी है। एकता ने 'नागिन 7' को लेकर एर दिलचस्प जानकारी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर करके फैंस को खुश कर दिया है। एकता ने इंस्टाग्राम वीडियो में कहा, 'नागिन 7 जल्द आएगा, बहुत जल्द।' 'नागिन 7' में इस बार ईशा मालवीय नागिन के रोल में नजर आ सकती हैं। 'उडारियां' और 'बिग बॉस 17' से प्रसिद्ध हुईं ईशा अगर 'नागिन 7' में आती हैं, तो यह उनके कॅरियर के लिए काफी बड़ी उपलब्धि होगी। एकता कपूर के प्रसिद्ध नागिन सीरियल का पहला सीजन 2015 में शुरू हुआ था, जिसमें मौनी रॉय, अदा खान और अर्जुन बिजलानी ने अपने शानदार अभिनय से दर्शको का दिल जीता था। पहले सीजन की सफलता के बाद इसके अभी तक छह सीजन आ चुके हैं। अब प्रशंसकों को 'नागिन 7' के आने का इंतजार है। 'नागिन' टीवी सीरियल ने कई चेहरो को फैंस के बीच खास बनाया, जिनमें मौनी रॉय से लेकर हिना खान, अदा खान, सुरभि ज्योति, सुरभि चंदना, तेजस्वी प्रकाश और रश्मि देसाई शामिल हैं। बहरहाल, फैंस को अब 'नागिन 7' के आने का बेसब्री से इंतजार है।

## 'ये रिश्ता क्या...' में रोहित की होगी मौत

**नई दिल्ली।** ये रिश्ता क्या कहलाता है टीवी के पॉपुलर शोज में से एक हैं, जिसमें कई बार लीप आ चुका है। वहीं, अब चौथी पीढ़ी के साथ समृद्धि शुक्ला और रोहित पुरोहित अबीरा और अरमान की कहानी से दर्शकों का ध्यान खींच रहे हैं। लेटेस्ट ट्रैक में अबीरा और अरमान पेरेंट्स बनना चाहते हैं। लेकिन, वह कंसीव नहीं कर पा रहे हैं, जिसके चलते वह रुही से सरोगेट बनने के लिए कहते हैं और वह मान जाती है। लेकिन, इन सब में अब नया ट्विस्ट आना बाकी है, जिसकी झलक लेटेस्ट प्रोमो में देखने को मिली है। अरमान को एक कॉल आता है और उसे चौंकाने वाली खबर मिलती है। इसके बाद पता चलता है कि रोहित की मौत हो गई है। वहीं, अरमान रोहित से किया वादा याद करता है कि वह रुही और दक्ष का उसके जाने के बाद ख्याल रखेगा। प्रोमो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, एक हादसे ने बदल दी अबीरा-अरमान की जिंदगी।



# 92 साल पहले इस एक्ट्रेस पर फिल्माया गया था सबसे लंबा किसिंग सीन...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में अब किसिंग और इंटीमेट सीन आम हो चुके हैं। शाहरुख खान, आमिर खान, सलमान खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन की फिल्में छोड़ दें तो तकरीबन सभी एक्टर्स फिल्मों में बिना किसिंग सीन के नजर ही नहीं आते हैं। बॉलीवुड अपनी इंटीमेट फिल्मों की वजह से बदनाम भी है, लेकिन हिंदी सिनेमा में किसिंग सीन कोई नई बात नहीं है। 92 साल पहले रिलीज हुई इस फिल्म के उस किसिंग सीन को सबसे लंबा माना जाता है, जिसमें एक्ट्रेस देविका रानी ने 30-40 के दशक में अपने को-स्टार संग तहलका मचा दिया था। देविका रानी भारत की पहली सुपरस्टार बनीं और उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री पर एक दशक तक राज किया।



***कितने मिनट का था किसिंग सीन :*** देविका रानी अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल दोनों ही लाइफ से चर्चा में रहती थीं। साल 1933 में रिलीज हुई फिल्म 'कर्मा' में उनके किसिंग सीन ने हंगामा मचा दिया था। फिल्म कर्मा का यह किसिंग सीन देविका और हिमांशु रॉय के बीच फिल्माया गया था। फिल्म में दोनों को राजकुमार-राजकुमारी के रोल में देखा गया था। इस सीन में राजकुमार को सांप काट लेता है और वह बेहोश हो जाते हैं और राजकुमारी उन्हें होश में लाने के लिए उनके होठों पर चुंबन करती हैं, यह सीन कोई रोमांटिक सीन नहीं था। कहा जाता है कि यह किसिंग सीन 4 मिनट लंबा था, लेकिन सच यह नहीं है।

***फिल्म में क्यों डाला गया किसिंग सीन?:*** लंदन में शूट हुई इस फिल्म का रनटाइम 63 मिनट का था। फिल्म का निर्देशन जे एल फ्रीयर हंट ने किया था और यह फिल्म ब्रिटिश राज में बनी थी, तो पश्चिमी दर्शकों को देखते हुए यह किसिंग सीन डाला गया था। किश्वर देसाई की किताब 'द लॉन्गेस्ट किसः द लाइफ एंड टाइम्स ऑफ देविका रानी' (2020) के मुताबिक, देविका और हिमांशु की इस फिल्म के दौरान नई-नई शादी हुई थी और इस तरह का सीन करना उनके लिए कोई बड़ी बात नहीं थी। किताब के मुताबिक यह किसिंग सीन 4 नहीं, बल्कि 2 मिनट लंबा था।

# तिब्बत से आई थी ये एक्ट्रेस, बॉलीवुड ने दिया नाम और बन गई सुपरस्टार...

**नई दिल्ली।** तकदीर किसे कहां से कहां ले जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। बॉलीवुड में भी एक ऐसे ही लेजेंड्री एक्ट्रेस रहीं। जिनकी जिंदगी घूमते घूमते उन्हें इस ग्लैमर से भरी दुनिया में लेकर आ गई। इस एक्ट्रेस की जिंदगी शुरू हुई तिब्बत से, स्कूली पढ़ाई हुई दार्जिलिंग से और फिर माया नगरी के बुलावे पर तकदीर मुंबई ले आई। जहां उनकी पहचान बनी एक्ट्रेस लतिका के रूप में, जिन्होंने बीटाउन के बड़े-बड़े डायरेक्टर और एक्टर्स के साथ काम किया।



### एक्ट्रेस का सफर

ऑस्ट्रेलियाई पिता और तिब्बती मूल की लतिका का असल नाम हूंगू लामू था। लतिका जब बहुत छोटी थीं तब ही उनके पिता चल बसे। मां ने दूसरी शादी की तो लतिका को अनाथ आश्रम जाना पड़ा। जिसे एक स्कॉटिश मिशनरी संचालित करती थी। उसमें दाखिले के लिए लतिका को ईसाई बनना पड़ा। बाद में सौतेले पिता का ट्रांसफर मुंबई हुआ तो लतिका भी उनके साथ ही मुंबई आ गई। इस तरह लतिका ने पहली बार मुंबई में कदम रखा। जहां से उनकी तकदीर बदलने वाली थी।

### इस तरह मिला फिल्मों में काम

लतिका जहां रहा करती थीं वहां उनके पड़ोस में एक कथक डांसर रहती थीं। उन्हें देखकर लतिका की भी फिल्मों में काम करने की इच्छा जागी। एक दिन उस कत्थक डांसर के साथ वो मिनर्वा स्टूडियो पहुंची। जहां उन पर सोहराब मोदी की नजर पड़ी। उन्होंने लतिका को यही नाम यानी कि लतिका नाम दिया और साल 1944 में रिलीज हुई फिल्म परख में काम करने का मौका भी दिया। इस दौरान लतिका ने गोपीनाथ नाम की फिल्म में राज कपूर और जुगनू में दिलीप कुमार जैसे दिग्गज स्टार्स के साथ भी काम किया। 1944 से 1949 तक लतिका ने कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग के जौहर दिखाए। साल 1949 में उन्होंने मशहूर कॉमेडी एक्टर गोप से लव मैरिज की और फिल्मों को अलविदा कह दिया।

## 48 साल पहले 1 करोड़ रुपए में बनी और बंपर की कमाई

# बाहुबली -2 भी नहीं तोड़ पाई अमिताभ की इस फिल्म का रिकॉर्ड


*अमिताभ बच्चन ने हमें शोले, जंजीर, दीवार जैसी कई रिकॉर्ड तोड़ने वाली फिल्में दी हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इस ए-लिस्ट अभिनेता की एक फिल्म ऐसी है जो आज भी सभी हिट फिल्मों को पीछे छोड़ रही है? बच्चन 1969 से अभिनय जगत में हैं और इस लंबे कॅरियर में उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं। लेकिन, उनकी एक फिल्म ऐसी है जो आज भी प्रभास की बाहुबली 2 के सभी रिकॉर्ड तोड़ रही है।*

**नई दिल्ली।** बाहुबली-2 28 अप्रैल, 2017 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस भारतीय फिल्म ने 1,810 करोड़ रुपए की कमाई करके अब तक का सबसे ज्यादा वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया है। हालांकि, यह फिल्म 1030.42 करोड़ रुपए के साथ भारत के नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में दूसरे स्थान पर है। लेकिन, अमिताभ बच्चन की जिस फिल्म पर सवाल उठ रहे हैं, वो 48 साल पहले बनी थी और इसने बाहुबली 2 का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है।



**निवेश से 15 गुना बढ़ा हुआ धन कमाया**

अमर अकबर एंथनी ने भारत के नेट बॉक्स ऑफ़िस पर 7.25 करोड़ रुपए और दुनिया भर के बॉक्स ऑफ़िस पर 15 करोड़ रुपए कमाए। दरअसल, अमिताभ बच्चन की अमर अकबर एंथनी ने भारत के नेट बॉक्स ऑफिस पर इनवेस्ट की गई राशि से 7 गुना (बढ़ा हुआ) और दुनिया भर में निवेश की गई राशि से लगभग 15 गुना बढ़ा हुआ धन कमाया। वहीं, बाहुबली के साथ अमर अकबर एंथनी की तुलना करें तो, प्रभास की फिल्म कथित तौर पर 250 करोड़ रुपए के बजट पर बनी है। इसलिए, इसने भारत के नेट बॉक्स ऑफिस पर निवेश की गई राशि का लगभग 5.7 गुना ही कमाया, जबकि दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर निवेश की गई राशि का केवल 10 गुना ही कमाया। ऐसे में 48 साल पहले सिनेमाघरों में आई अमिताभ बच्चन की अमर अकबर एंथनी अभी भी अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बाहुबली 2 से आगे है।



### तीन भाइयों की कहानी पर है आधारित

हम यहां अमर अकबर एंथनी के बारे में बात कर रहे हैं। यह फिल्म तीन भाइयों की कहानी पर आधारित है, जो अलग-अलग धार्मिक परिवारों में पले-बढ़े हैं, जो कई सालों बाद एक संयोगवश मुलाकात में फिर से मिलते हैं। बिग बी, विनोद खन्ना, ऋषि कपूर, शबाना आजमी, परवीन बॉबी और नीतू सिंह स्टारर अमर अकबर एंथनी अपनी रिलीज के समय एक बड़ी सफल फिल्म थी। बच्चन स्टारर फिल्म 1977 में रिलीज हुई थी. रिपोर्ट्स के अनुसार, अमर अकबर एंथनी को 1 करोड़ रुपए के अनुमानित बजट पर बनाया गया था। इस फिल्म को ईएमडीबी द्वारा 7.4/10 रेटिंग, रॉटन टोमेटोज़ द्वारा 86% और प्राइम वीडियो द्वारा 7.4/10 रेटिंग मिली।

## खबर संक्षेप

### सरकारी अस्पताल से मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** ऐलनाबाद स्थित सरकारी अस्पताल से चोर मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पुलिस को दिए बयानों में वार्ड नंबर 7 निवासी सुनील कुमार ने बताया कि बीती 27 मार्च को वह अस्पताल में किसी काम से गया था। उसके बाद उसे हनुमानगढ़ जाना पड़ गया। वह बाइक अस्पताल परिसर में ही खड़ी कर हनुमानगढ़ चला गया। शाम को अस्पताल में बाइक लेने के लिए आया तो गायब मिली। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मैरिज पैलेस के मैनेजर की पिटाई

**सिरसा।** कूड़ा कर्कट फैलाने से रोकने पर कुछ युवकों ने मैरिज पैलेस के मैनेजर पर हमला कर घायल कर दिया। हमले में मैनेजर को काफी गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस को दी शिकायत में ढाणी जस्साराम रामनगरिया निवासी विकास कुमार ने बताया कि वह सीया मैरिज पैलेस खैरकां में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। बीती 30 मार्च की शाम करीब 7.30 बजे वह मैरिज पैलेस में किसी शादी का प्रोग्राम का प्रबंध देख रहा था। उस दौरान काम पर लेबर आई थी, जिसका फ्रूट चाट का काम था। उसमें से रानियां निवासी कुलविंद्र व आकाश को उसने कूड़ा कर्कट फैलाने से रोका था।

### सरस्वती स्कूल में हवन के साथ नया सत्र शुरू

**उकलाना।** सरस्वती हाई स्कूल और जैक एंड जिल ए प्ले स्कूल में मंगलवार को नए सत्र का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ विधिपूर्वक किया गया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस पावन हवन में स्कूल के चेयरमैन डॉ. के.सी. शर्मा ने अपनी धर्मपत्नी के साथ पूर्ण श्रद्धा भाव से आहुति दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम धीमान, समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों ने भी हवन में भाग लिया। पंडित जी ने वेद मंत्रों के उच्चारण से पूरे परिसर को दिव्य ऊर्जा से गुंजायमान कर दिया। पूर्णाहुति के पश्चात सभी को प्रसाद वितरित किया गया। डॉ. के.सी. शर्मा ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को अनुशासन, परिश्रम और ईमानदारी का पाठ पढ़ने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्या पूनम धीमान ने भी सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नया सत्र विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और विद्यालय की निरंतर उन्नति के लिए शुभ और मंगलमय सिद्ध हो।


## कुलां में एसपी आस्था मोदी ने सरपंचों को किया सम्मानित

# जिले के 16 गांव प्राथमिक स्तर पर ड्रग मुक्त घोषित

### 793 ड्रग पीडितों ने अपना उपचार लिया और 275 ने ड्रग की आदत को छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

टोहाना उपमंडल के गांव कुलां सहित 16 गांवों को प्राथमिक स्तर पर ड्रग मुक्त घोषित किया गया है। इन गांवों में बोस्ती, ठरवी, भोडी, भोडिया खेड़ा, इंदाछोई, बिढ़ाईखेड़ा, चंदड़ खुर्द, कुलां, अमानी, फतेहपुरी, लोहा खेड़ा, खनौरा, हसंगा, ढाणी बिलासपुर, कलंदरगढ़, ढाणी दादूपुर शामिल है। गांव कुलां में आयोजित नशामुक्ति कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची एसपी आस्था मोदी ने ड्रग मुक्त घोषित गांवों के सरपंचों को ड्रग मुक्त गांव अवार्ड से सम्मानित किया। इस अवसर पर डीएसपी मुख्यालय जयपाल सिंह, डीएसपी टोहाना उमेद सिंह, थाना प्रभारी सदर टोहाना निरीक्षक बलजीत सिंह, थाना प्रभारी शहर टोहाना उपनिरीक्षक देवीलाल के अलावा आसपास के सरपंच सहित सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया।



**फतेहाबाद।** कुलां में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते एसपी आस्था मोदी। फोटो : हरिभूमि

एसपी आस्था मोदी ने कहा कि जिला फतेहाबाद में कुल 293 गांव तथा 97 वार्ड है, जिनमें से आज तक 166 गांवों व 36 वार्डों को ड्रग मुक्त घोषित किया जा चुका है। नशा मुक्ति टीम को दिसंबर तक 50 अन्य गांवों को ड्रग मुक्त घोषित करने की लक्ष्य दिया है। ड्रग मुक्त हुए इन गांवों को दोबारा से भी चैक किया जाएगा। पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने फतेहाबाद के 170 गांव में सर्वे कर अब तक करीब 1673 ड्रग पीड़ितों की पहचान की है। टीमों ने 1557 ड्रग पीड़ितों व उनके परिवार की काउंसलिग करवाई है व उन्हें उपचार करवाने के लिये प्रेरित किया है। अब तक 793 ड्रग पीडितों ने अपना उपचार लिया है व 275 ड्रग पीडितों ने ड्रग की आदत को छोड़ दिया है।

#### सभी जिलों में पुलिस टीमों का गठन

हिसार मंडल में ड्रग की डिमांड को नियंत्रित करने के लिए मंडल के सभी 6 जिलों में पुलिस टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें ड्रग से प्रभावित गांवों में डोर टू डोर सर्वे कर ड्रग से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान करती है। पीड़ितों की काउंसलिंग करवाई जाती हैं व उन्हें इलाज के लिए प्रेरित कर नशे से छुटकारा दिलवाने के लिये उपचार करवाया जा रहा है। अच्छी बात यह है कि टीम ने सर्वे के दौरान पाया है कि जो नशे से पीड़ित थे वे सुधर रहे है। हिसार मंडल में सैकड़ों ड्रग पीडितों ने नशा छोड दिया, कुछ लोगों ने नशे की मात्रा को कम कर दिया व नशे से छुटकारा पाने की दिशा मे उपचार पा रहे हैं। टीम ने सर्वे में पाया कि कोई नया युवा नशे की लत में नहीं गया, यह सुखद है। उन्होंने ड्रग मुक्त गांव की परिभाषा देते हुए बताया कि जिस गांव अथवा वार्ड में कोई व्यक्ति ड्रग का सेवन नहीं करता, अथवा जो ड्रग की लत से पीड़ित थे वो छोड

# विद्यार्थियों ने सुंदर नाटक किए प्रस्तुत

■ राजकीय उच्च विद्यालय करनौली में 'एक नया आगाज़' कार्यक्रम मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव करनौली स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम 'एक नया आगाज' बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में गांव सरपंच परमवीर सिंह,एसएमसी प्रधान व सदस्य मौजूद रहे। विद्यालय मुखिया सुरेश कुमार व स्टाफ सदस्यों द्वारा विद्यालय प्रांगण में पावन हवन कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष अतिथियों द्वारा माता सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके की गई। सबसे पहले


**फतेहाबाद।** राजकीय उच्च विद्यालय करनौली में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

जीएमएसपीएस करनौली के बलवाटिका कक्षा से पांचवी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने अपने सुंदर नृत्य और नाटक प्रदर्शन से सभी का मनोरंजन किया। कार्यक्रम के दूसरे भाग में हेड ब्वॉयज व हेड गर्ल्स ने विभिन्न मंचों पर स्कूल का प्रतिनिधित्व करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन विद्यालय के पंजाबी अध्यापक सुभाष चंद्र द्वारा किया गया। विद्यालय की अंग्रेजी अध्यापिका कुमारी सोमा ने बलवाटिका कक्षा से नौंवी कक्षा तक परिणामों की घोषणा की व प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को सरपंच द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया।

### युवक का फोन चोरी, केस दर्ज

**सिरसा।** शहर के लालबत्ती चौक पर एक दुकान पर सामान लेने आया एक युवक दुकानदार के काउंटर से एप्पल का फोन चोरी कर ले गया। पुलिस को दिए बयानों में गांव कोटली निवासी कमल कुमार ने बताया कि वह सांगवान चौक के निकट अंबे कार एसेसरी पर काम करता है। उसने बताया कि बीती 27 मार्च को सामान लेने के लिए एक युवक आया और उसने व्हील कप मांगा। व्हील कप देने के दौरान ही युवक ने उसके काउंटर से एप्पल कंपनी का फोन चोरी कर लिया। व्हील कप लेकर वह चला गया। कुछ देर बाद उसने अपना फोन संभाला तो गायब मिला। उन्होंने अपने स्तर पर व्यक्ति की काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

## रक्तदान शिविर का आयोजन


**सिरसा।** शिविर में रक्तदान करते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि

**चोपटा।** चोपटा स्थित दयानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्व. रविंद्र गोदारा के जन्मदिवस पर चौथे रक्तदान शिविर का आयोजन निफा संवेदना-2 अभियान के अंतर्गत किया गया। शिविर में 138 रक्तदाताओं ने रजिस्ट्रेशन किया और 102 यूनिट रक्त थैलीसीमिया और कैंसर पीड़ित रोगियों के लिए एकत्रित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. तेजा राम बिश्नोई, डॉ. वेद बैनीवाल, डॉ. राजेंद्र कड़वासरा, डॉ. जय सिंह बैनीवाल व संतलाल कासनियां ने किया। डॉ. तेजा राम बिश्नोई ने कहा कि रक्तदान से हम न केवल जरूरतमंदों की मदद करते हैं, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। आज का यह शिविर हमें एकजुट होकर मानवता की सेवा करने का अवसर प्रदान करता है।

# बरसीन स्कूल में बनवाए गए कमरों का हुआ लोकार्पण

■ कमरों के निर्माण पर 33 लाख 96 हजार रूपए की राशि खर्च की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला परिषद फतेहाबाद द्वारा ग्राम पंचायत बरसीन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में बने प्राईमरी स्कूल के लिए बनाए गए चार कमरों का निर्माण कार्य करवाया गया। इन कमरों के निर्माण पर 33 लाख 96 हजार रूपए की राशि खर्च की गई है। मंगलवार को हुए लोकार्पण कार्यक्रम में पूर्व विधायक चौ0दुड़ाराम विशेष रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम में उनके


**फतेहाबाद।** बरसीन स्कूल में कमरों का लोकार्पण करते पूर्व विधायक दुड़ाराम।

साथ जिला परिषद की चेयरपर्सन सुमन सुभाष खिचड़ भी उपस्थित रही। पूर्व विधायक दुडाराम ने कहा कि हरियाणा सरकार शिक्षा के प्रति गंभीर है। सरकार का उद्देश है कि वे प्रदेश के हर गांव तक अच्छी शिक्षा समाज के हर वर्ग को उपलब्ध हो ताकि आने वाली पीढ़ियों के भविय को उज्ज्वल बनाया जा सके।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को नवाजा

■ कक्षा 11वीं में चंद्रकला व 9वीं में कर्णजोत रहे प्रथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलीमोहम्मद में 6वीं से 12वीं कक्षा में विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया। स्कूल प्रिंसिपल दीवान सिंह ने बताया कि कक्षा 11वीं में चंद्रकला प्रथम, एकता दूसरे व रितु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 9वीं में कर्णजोत प्रथम, खुशी ने दूसरा व ज्योति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 8वीं कक्षा में आरजू ने प्रथम, दीपिका ने दूसरा व प्राची ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 7वीं कक्षा में


**सिरसा।** उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्राचार्य।

प्रथम अंकित व छठी कक्षा में हिमांशी ने पहला स्थान प्राप्त किया। दीवान सिंह ने कहा कि स्कूल का परीक्षा परिणाम इस बार भी शत-प्रतिशत रहा। ये सब स्कूल के अनुभवी स्टाफ व विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होती है और वे और अधिक मेहनत से आगे बढ़ते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे और अधिक मेहनत कर अपने स्कूल व अभिभावकों का नाम रोशन करें। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान रुलीराम, कालूदास, सतपाल, नेकीराम, मोनिका, तेजा देवी, शिप्रा, ममता, अनु, सरला, अंजू, सतपाल, अनूप, कुलदीप, मनदीप, सेवकदास आदि मौजूद थे।

# किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा: पवन गर्ग

■ सरसों की सरकारी खरीद शुरू

■ नहीं आने दी जाएगी परेशानी : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

अनाज मंडी ओढ़ा में सरसों की सरकारी खरीद मंगलवार से शुरू हो गई। खरीद की शुरुआत भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पवन गर्ग ओढ़ा ने करवाई। इस मौके पर हरियाणा वेयरहाउस कॉरपोरेशन के मैनेजर खैराती लाल उपस्थित रहे। भाजपा नेता पवन गर्ग ने कहा कि किसानों की फसल का एक एक दाना न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। उन्होंने एनसीसीएफ के


**सिरसा।** सरसों फसल खरीद कार्य का शुभारंभ करवाते पवन गर्ग।

कर्मचारियों से कहा कि किसानों को फसल बेचने में कोई परेशानी नहीं आने दें। खरीद के साथ फसल का उठान लगातार जारी रहे, ताकि मंडी में अव्यवस्था न फैले। उन्होंने किसानों से कहा कि सरसों की फसल सुखाकर लाएं ताकि खरीद में कोई परेशानी न आए। उन्होंने मंडी में पेयजल, सफाई व प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था करने और सुरक्षा की दृष्टि से भी कदम उठाए जाने की बात कही। उन्होंने किसानों से बातचीत करते हुए कहा कि आपको किसी प्रकार की असुविधा नही आने दी जाएगी।

# नव संवत व चैत्र माह की चांदनी दूज पर श्रद्धालु पहुंचे रामदेवरा

■ बाबा रामदेव महाराज की संध्या आरती में शामिल हुए भक्त

**फतेहाबाद।** नव संवत 2082 व चैत्र माह की चांदनी दूज के उपलक्ष्य में श्रद्धालु शक्ति नगर स्थित प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर रामदेवरा पहुंचे और बाबा रामदेव महाराज की संध्या आरती में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव महाराज के दरबार में माथा टेक कर नारियल ध्वजा चढ़ाई। श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव महाराज की परिक्रमा करते हुए बाबा रामदेव महाराज की महिमा में जयकारे लगाकर मंदिर रामदेवरा परिसर को गुंजायमान कर दिया। श्री बाबा रामदेव सेवा समिति प्रधान रमेश जोइया ने समिति सदस्यों के साथ फूलों की माला अर्पित कर बाबा रामदेव महाराज की विधिविधान से पूजा अर्चना की। बाबा रामदेव महाराज की पावन व सांची जोत प्रज्ज्वलित की गई। बाबा रामदेव महाराज को भोग लगाकर प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। समिति प्रधान रमेश जोइया ने बताया कि मंदिर रामदेवरा में हर माह की चांदनी दूज व चांदनी दशमीं के उपलक्ष्य में बाबा रामदेव महाराज की विशेष रूप से पूजा व अराधना की जाती है। बाबा रामदेव महाराज की मंगल व संध्या आरती रूणेचा धाम की तर्ज पर धुपियां लेकर की जाती है, जिसमें श्रद्धालु पूरी आस्था व विश्वास के साथ भाग लेते हैं।

# साइबर सेल की टीम ने 25 खोए मोबाइल फोन मालिकों को सौंपे

■ उपस्थित लोगों ने पुलिस का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

साइबर सेल पुलिस टीम ने गुम हुए 25 मोबाइल फोन को ढूंढने का कार्य किया है। मंगलवार को स्वंय पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने उक्त मोबाइल फोन मालिकों को अपने कार्यालय में बुलाकर उनको सौंपे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पुलिस का आभार जताया। वहीं पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने मोबाइल फोन ढूंढने में अहम भूमिका निभाने वाली साइबर सेल की टीम की प्रशंसा की। इस


**सिरसा।** एसपी गुम हुए मोबाइल फोन मालिकों को सौंपते हुए।

अवसर पर साइबर सेल प्रभारी सहित पूरी साइबर सेल की टीम मौजूद रही। उन्होंने कहा कि पुलिस का यह एक सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि जहां गुमशुदा मोबाइल फोन मालिकों को मिलने की खुशी है वहीं उनके मोबाइल फोन अपराधी किस्म के लोगों के हत्थे चढने से भी बचे हैं। उन्होंने कहा है कि पुलिस जांच में अक्सर ये बात सामने आती है कि अपराधी किस्म के लोग गुमशुदा व चोरीशुदा मोबाइल का गलत कार्य में प्रयोग करते हैं।

# पुलिस ने दो युवकों को 13.513 ग्राम हेरोइन सहित किया काबू

■ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

**सिरसा।** सीआईए सिरसा व एंटी नारकोटिक सेल सिरसा पुलिस टीमों ने गश्त व चैकिंग के दौरान दो युवकों को 13 ग्राम 513 मिलीग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान आरसी होटल से होते हुए परशुराम चौक की ओर जा रही थी। इसी दौरान सामने से एक कार आती दिखाई दी। कार सवार युवक सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक घबरा गया और कार को वापस मोडक़र भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने शक के आधार पर उक्त कार सवार युवक को काबू कर नियमानुसार तलाशी ली तो कार में गियर लीवर के पास काले रंग के पॉलिथीन से 7 ग्राम 460 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। वहीं एंटी नारकोटिक सेल सिरसा के प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजेंद्र कुमार ने बताया कि सेल की एक पुलिस टीम ने गश्त के दौरान रानियां थाना क्षेत्र के गांव ओटू से होते हुए गांव धनुर की ओर जा रही थी। इस दौरान पुलिस पार्टी जब गांव धनुर के पास बने ईंट भट्ठे के पास पहुंची तो सामने से एक युवक पैदल आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने शक के आधार पर युवक को काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 6 ग्राम 53 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई। पुलिस ने जांच शुरू की।

**निवारण** जिला राजस्व अधिकारी श्याम लाल ने नागरिकों की शिकायतों को सुना

### संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान के निर्देश दिए

# समाधान शिविर में चन्द्रावल के सरपंच के खिलाफ दी शिकायत, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में जिला राजस्व अधिकारी श्याम लाल ने नागरिकों की शिकायतों को सुना और उनके निपटान के लिए बैठक में मौजूद संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सरकार के दिशा निर्देशानुसार जिला व उपमंडल स्तर पर नागरिकों की शिकायतों के समाधान के लिए प्रति कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से 12


**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते डीआरओ श्याम लाल।

बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे इन समाधान शिविर में उपस्थित होकर अपनी लिखित शिकायत देकर उसका समाधान करवा सकते हैं। लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में कुल सात शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके समाधान के लिए डीआरओ ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समाधान शिविर में नागरिकों ने परिवार पहचान पत्र में इनकम दुरूस्त करवाने, सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ लेने, विकास एवं पंचायत विभाग, वन विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, मार्किट कमेटी, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, पंजाब नेशनल बैंक आदि संबंधित विभागों की शिकायत रखी।

#### शिविर में प्राप्त समस्याएं

समाधान शिविर में दहमन निवासी प्रदीप पत्नी नरेंद्र पाल व रेनू पत्नी सुरेंद्र पाल ने कृषि बिजली कनेक्शन में 11 मीटर के खंबे की जगह 9 मीटर खंबे लगने के बाद रिफंड दिलवाने बारे, टोहाना निवासी रामकिशन ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना में एसबीआई बैंक और पोस्ट ऑफिस में जांच पड़ताल करवाने बारे, भूना निवासी सतपाल पुत्र दारा राम ने परिवार पहचान पत्र में इनकम दुरूस्त करवाने बारे, चंद्रावल निवासी सुभाष पुत्र चंदगी राम ने ग्राम पंचायत सरपंच सैलेंद्र व धूप सिंह पुत्र हरि सिंह पर कानूनी कार्यवाही बारे, भट्टू मंडी निवासी सुशील कुमार पुत्र सुखपाल ने प्रार्थी के खेत में लगे पेड़ों पर वन विभाग के द्वारा लगाए गए नंबरों को कैश करने बारे, ढाणी छतरिया निवासी विकास कुमार ने गंदे पानी की निकासी की नाली अधूरी बनाकर छोड़ देने बारे तथा गांव पिलछिया के मैसर्ज गुरु अर्जन देव राइस मिल द्वारा खरीद केंद्र महमदकी में खरीद बारे अपनी शिकायत रखी।

## खबर संक्षेप

### अवैध कॉलोनियों में भूमि न खरीदें : डीटीपी

**सिरसा।** जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा आमजन को शहरी क्षेत्र सिरसा में अवैध कॉलोनियों में भूमि खरीद संबंधी कार्य न करने की हिदायत दी है। विभाग के अनुसार कुछ क्षेत्रों में बिना लाइसेंस, सीएलयू या एनओसी प्राप्त किए कॉलोनियां विकसित की जा रही है। अवैध कॉलोनियों को लेकर विभाग द्वारा संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिला नगर योजनाकार कर्मवीर झाझडिया ने बताया कि विभाग द्वारा चिन्हित किए गए खसरा नंबरों में किसी भी प्रकार के बिक्री, बिक्री समझौते, पूर्ण भुगतान समझौते या पावर ऑफ अटॉर्नी आदि न की जाए।

### पंचनद सेवा सदन के लिए राशि देने पर जताया आभार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद में पंचनद सेवा सदन के निर्माण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा पंचनद सेवा ट्रस्ट को 21 लाख रुपये की राशि जारी की गई है। यह राशि जारी करने पर पंचनद सेवा ट्रस्ट ने केन्द्रीय मंत्री एवं पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया है। इस बारे जानकारी देते हुए पंचनद सेवा ट्रस्ट फतेहाबाद के प्रधान किशोरी लाल नारंग ने बताया कि हरियाणा प्रदेश को विकास की नई दिशा देने वाले पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में भारत सरकार के ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल द्वारा विभाजन विभिषका दिवस पर फतेहाबाद में आयोजित कार्यक्रम में पंचनद सेवा सदन के निर्माण के लिए 21 लाख रुपये देने की घोषणा की गई थी।

### रॉयल स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**फतेहाबाद।** गांव खाराखेड़ी स्थित रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल में कक्षा नर्सरी से 9वीं और 11वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। सभी विद्यार्थी अपना परीक्षा परिणाम जानने के लिए अपने अभिभावकों के साथ पहुंचे। बेहतरीन वार्षिक परीक्षा परिणाम को देखते हुए विद्यार्थियों और अभिभावकों में प्रसन्नता और उत्साह देखने को मिला। स्कूल में सुंदर सेल्फी प्वाइंट बनाए गए जहां अभिभावकों और बच्चों ने बहुत सारी सेल्फी ली।

### किसान से ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने धोखाधड़ी कर एक किसान के बैंक खाते से लाखों रुपये निकालने के मामले में कार्रवाई करते हुए बिहार से एक युवक को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान ब्रिजानंद कुमार विश्वास पुत्र नसीब लाल विश्वास निवासी जिला अररिया, बिहार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल और 1 हजार रुपये की नकदी बरामद की है। साइबर थाना फतेहाबाद प्रभारी इंस्पैक्टर सतीश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 19 अक्टूबर 2023 को गांव बुआन निवासी मुंशीराम की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसका हरियाणा ग्रामीण बैंक में खाता है और यह केसीसी अकाउंट है। जब उसने बैंक पास बुक पूरी करवाई तो उसे पता चला कि उसके खाते से 25 नवंबर 2023 से 9 जनवरी 2023 तक अलग-अलग ट्रांजेक्शन में कुल 2 लाख 49 हजार 993 रुपये निकाले गए है।

## राजकीय स्कूलों में नया शैक्षणिक सत्र शुरू

# स्कूलों में पहली से आठवीं तक बच्चों की नहीं पहुंची पुस्तकें

### राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने विभाग से जल्द से जल्द किताबें मुहैया करवाने का आग्रह किया



हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

प्रदेश में नए शैक्षणिक सत्र की आज से शुरूआत हो गई लेकिन अभी तक सरकारी स्कूलों में पहली से आठवीं कक्षा तक की किताबें नहीं पहुंची है। बता दें इस बार शिक्षा विभाग ने शिक्षकों पर शत प्रतिशत नामांकन के आदेश जारी कर रखे हैं। बकायदा एक अप्रैल से प्रवेश उत्सव चलाने को लेकर लंबी-चौड़ी गाइडलाइन भी जारी की जा चुकी है। बावजूद इसके अभी तक विभाग स्कूलों में बच्चों के लिए किताबें तक मुहैया नहीं करवा पाया है। इसे लेकर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा ने सरकार और विभाग से जल्द से जल्द किताबें मुहैया करवाने का आग्रह किया है। दरअसल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति की अनुपालना में पूर्व प्राथमिक से 18 वर्ष तक की आयु के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्य धारा में लाना मुख्य कार्य है। राज्य में 6 से 14 आयु तक के बच्चों के 100 फीसदी नामांकन, ठहराव बनाए रखना, उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाना शिक्षा का अधिकार अधिनियम में अनिवार्य है।

#### पिछले साल समय पर मिल गई थी किताबें

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा के राज्य चेयरमैन देवेन्द्र दहिया का कहना है कि पिछले शैक्षणिक सत्र 2024-25 में एक अप्रैल तक लगभग सभी सरकारी स्कूलों में पहली से आठवीं कक्षा तक की किताबें पहुंच गई थी। शिक्षकों ने भी बच्चों को समय रहते किताबें वितरित कर दी थी। शिक्षा विभाग के उस प्रयास की बदौलत बच्चों ने किताबों के साथ समय रहते पढ़ाई शुरू कर दी थी। जिसके चलते विभाग को अच्छे परिणाम भी देखने को मिले हैं, लेकिन इस बार विभाग समय से पहले और समय रहते किताबें मुहैया करवाने से चूक गया है।

#### दाखिले के साथ किताबें देना अनिवार्य

विभागीय पत्र के मुताबिक सभी राजकीय स्कूलों में दाखिला प्रक्रिया एक अप्रैल से शुरू हो चुकी है। एक अप्रैल को सभी राजकीय स्कूलों में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए है। इसी दिन बच्चों को नई अगली कक्षा की पुस्तकों का वितरण अनिवार्य रूप से किया जाए। पांचवीं पास करने वाले विद्यार्थी का उसी दिन अगली कक्षा में नामांकन किया जाए।

किसी भी बालक को किसी भी अवस्था में स्कूल उसे दाखिले से वंचित न करें।

#### चौथी-पांचवीं कक्षा के सेलेबस को लेकर असमंजस में शिक्षक

*संघ के राज्य चेयरमैन देवेन्द्र दहिया का कहना है कि इस बार विभाग चौथी और पांचवीं कक्षा के सेलेबस में बदलाव हो सकता है। मगर अभी तक यह बात शिक्षकों और अभिभावकों को मालूम नहीं है। क्योंकि अभी तक स्कूलों में किताबें नहीं पहुंची हैं। यह सब किताबें देखने के बाद ही पता चलेगा कि बदलाव हुआ है या नहीं। अगर हुआ है तो क्या-क्या बदलाव हुआ है। विभागीय ने दाखिलों के संबंध में जो पत्र जारी किया है, उसके मुताबिक आठवीं कक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों का दाखिला भी इसी प्रकार किया जाए, क्योंकि सबसे ज्यादा ड्रापआउट 9वीं कक्षा में होता है। विशेषकर लड़कियां इससे अधिक प्रभावित होती हैं। यह भी कहा है कि चंडीगढ़ की तर्ज पर अधिकतर राजकीय स्कूलों को दोहरी पारी में चलाया जाए। इसके लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को अधिकृत कर दिया जाए। समुचित निर्देश जारी किए जाएं।*



# नागपुर में निकली उत्सव यात्रा

- विद्यालय के वार्षिक परिणाम की भी घोषणा की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



**रतिया।** पीएमश्री राजकीय व.मा. विद्यालय नागपुर के विद्यार्थी प्रवेश उत्सव रैली निकालते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

गांव नागपुर स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के वार्षिक परिणाम की भी घोषणा की गई। इस बार विद्यालय में दाखिले को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्साह नजर आया और विद्यालय में सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं से भी विद्यार्थी और उनके अभिभावक काफी संतुष्ट नजर आए।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा गांव में प्रवेश उत्सव रैली भी निकाली गई। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यतिथि के तौर पर पहुंची गांव की सरपंच अनिता कम्बोज, जिला परिषद मैम्बर प्रवीण चहल ने रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंद प्रकाश ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि पीएम श्री राजकीय व.मा. विद्यालय नागपुर में इस वर्ष से सीबीएसई बोर्ड से कक्षा नौंवी और 11वीं में कक्षाएं शुरू हो चुकी है। इन कक्षाओं में दाखिले को लेकर गांव में जागरूकत अभियान चलाया।

# मां के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

- डीएसपी रोड पर 'एक शाम मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** 'एक शाम मां के नाम' में भारत टुटेजा को सम्मानित करते श्रद्धालु।

नवरात्रों के पवित्र अवसर पर गुरूकृपा मंडल की ओर से डीएसपी रोड पर 'एक शाम मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीएसपी रोड विासी राहुल मेहता के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

मेहता परिवार द्वारा ज्योति प्रचंड करके मां का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में टी सीरिज कलाकार भारत टुटेजा ने गणेश वंदना, गुरु वंदना के साथ माँ का सुंदर सुंदर भजनों से सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। भारत टुटेजा ने 'अज रौनका ने वेडे तेरे करके, तू आजा माँ बड़े चिर तो लगी है आस दर्शन दी, राधे राधे बोल श्याम आयेंगे, बिन पिये नशा हो जाता है', आदि सुंदर सुंदर भजनों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। उसके बाद ममता तनेजा ने 'राधा रानी कृपा कीजिये, आदि भजनों के साथ माँ की महिमा का गुणगान किया। मेहता परिवार ने भारत टुटेजा को विशेष सम्मान दिया और पूरे मंडल का आभार व्यक्त किया।

# धांगड़ में मेधावी छात्र सम्मानित

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** धांगड़ स्कूल में विद्यार्थियों को सम्मानित करते डीईओ। *फोटो: हरिभूमि*

नेशनल हाइवे स्थित गांव धांगड़ के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्कूल में नामांकित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई उपस्थित रहीं। विशेष अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह पहुंचे। इसके अलावा, स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान अजय, सरपंच प्रतिनिधि संदीप, समाजसेवी अनिल सिहाग, कल्याण सिंह, सेवानिवृत्त एक्साइज एंड टैक्सेशन ऑफिसर एवं पर्यावरण प्रेमी अनिल भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. शारदा ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक और पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया वहीं अभिभावकों को शिक्षा की महत्ता के बारे में जागरूक किया। मुख्य अतिथि डीईओ संगीता बिश्नोई ने कहा कि शिक्षा ही समाज की प्रगति की कुंजी है और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के माध्यम से सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। बीईओ महेंद्र सिंह ने सरकारी स्कूलों में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी।

# बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा जरूरी

- अहरवां के राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** अहरवां प्राथमिक स्कूल में आयोजित हवन में भाग लेते स्कूल मुखिया व विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

गांव अहरवां के राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक स्कूल में आज वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित करके प्रवेश उत्सव का शुभारंभ हवन यज्ञ करके किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे सरपंच मुखत्यार सिंह ने शिरकत की वहीं जसकरण सिंह ने अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जुबेर खान ने की। स्कूल मुखिया देवेंद्र दहिया ने अतिथियों के स्वागत सत्कार से शुभारंभ किया। सरपंच मुखत्यार सिंह द्वारा वार्षिक परीक्षा में कक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बाल वाटिका कक्षा में जगदीप, जसमीत, आर्यन पहली कक्षा में वीरेंद्र, सुखदीप, मनकीरत, दूसरी कक्षा में लवप्रीत, नूर, रिहा, कक्षा तीसरी में साहिल व जसमीत कौर, आशीष, सुखमन, कक्षा चौथी में नैतिक, कोमल, दिलशान, कक्षा पांचवी में रितिका,अंश,अभिजोत व दिलप्रीत क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय रहे। पुरस्कार वितरण के बाद मास्टर भारत गोयल ने सम्पूर्ण विधि विधान के साथ मन्त्र उच्चारण करते हुए यज्ञ का शुभारंभ किया। विद्यालय मुखिया देवेंद्र दहिया समेत सभी शिक्षकों, अभिभावकों और बच्चों ने यज्ञ में आहुति दी।

#### ये रहे मौजूद

*मुख्य शिक्षक देवेन्द्र दहिया ने बताया कि आज पहले ही दिन 11 बच्चों ने प्रवेश लिया। इस अवसर पर सतीश पंवार, पवन जलंधरा, सुभाष बिश्नोई, राजेंद्र सिंह, मेजर सिंह, तरसेम सिंह, अंग्रेज सिंह, गुरप्रीत सिंह, कमलेश, रोशनी देवी, लखविंद्र कौर ,मनिंद्र, गुरमान, सतपाल कौर सहित सभी बालक बालिकाऐं उपस्थित रहे।*

# ढिंगसरा प्राथमिक पाठशाला का नया सत्र शुरू

- परीक्षाओं में अव्वल रहे विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** ढिंगसरा की कन्या प्राथमिक पाठशाला में आयोजित हवन में भाग लेते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

गांव ढिंगसरा स्थित राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला में हवन यज्ञ के साथ प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर वार्षिक परीक्षाओं में अव्वल रहे विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ मेधावी छात्रों को भी पुरस्कार वितरित किए गए। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय के शिक्षक द्वारका प्रसाद ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। धर्मवीर झाझड़ा ने बच्चों की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रिंसिपल रमेश कुमार ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में सरकारी विद्यालयों में अपने बच्चों का प्रवेश करवाए। सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर हर तरह की सुविधाएं मुहैया करवाई गई है।

इस अवसर पर प्रिंसिपल रमेश कुमार, द्वारका प्रसाद, धर्मवीर झाझड़ा, सतपाल सिंह, अशोक, मोनिका बंसल, सुनीता, एसएमसी प्रधान नवीन मालोदिया, कविता, अनुपमा, शारदा सहित सभी अध्यापक और दर्जनों अभिभावक मौजूद थे। प्रिंसिपल रमेश कुमार ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद किया।

# सरसों का कटाई दिवस मनाया

- चूली बागड़ियान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭भट्टूकलां



**भट्टूकलां।** गांव चूली बागडिय़ान में आयोजित सरसों कटाई दिवस कार्यक्रम में भाग लेते किसान। *फोटो: हरिभूमि*

सरसों की कटाई को लेकर गांव चूली बागडिय़ान के प्रगतिशील किसान वजीर सिंह के खेत में कोर्टवा एग्रीसाइंस सीड्स कंपनी द्वारा 'सरसों कटाई दिवस' का आयोजन किया। कार्यक्रम में अनेक किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंचे कम्पनी के क्षेत्रीय अधिकारी विक्रांत प्रताप सिंह व फील्ड कर्मचारी राजकुमार ने किसानों को सरसों फसल को लेकर अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां सांझा की। उन्होंने सरसों के सही बीज के चुनाव के साथ-साथ पायनियर की सरसों पंचसूत्री के बारे में चर्चा की और बताया कि इससे किसान अपने सरसों की खेती में उत्पादन बढ़ा सकते हैं। अधिकारियों ने वजन के माध्यम से हाइब्रिड सरसों बीज-45एस 46 एवं घर का अनुपचारित बीज में अंतर को दिखाया। किसानों ने पाया कि पायोनियर सरसों बीज ने लगभग 2 क्विंटल से ज्यादा उत्पादन दिया। इस मौके पर किसान मौजूद रहे।

# हवन के साथ नए सत्र का शुभारंभ

- क्रेसण्ट पब्लिक स्कूल में शिक्षकों व विद्यार्थियों ने डाली आहुति

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल में हवन में भाग लेती प्राचार्या व विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

क्रेसण्ट पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ किया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या, शिक्षकगण, प्रबंधक समिति के सदस्यों एवं समस्त विद्यार्थियों में मिलकर हवन में भाग लेते हुए श्रद्धा-भाव से हवन सामग्री अर्पित की। यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं था, बल्कि यह क्रेसण्ट परिवार की एकता, समर्पण और सामूहिक प्रयासों का प्रतीक था। पवित्र मंत्रोच्चारण एवं हवन की अग्नि के साथ विद्यालय परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। हवन सामग्री की सुगंध, शुद्धता, शांति एवं सकारात्मकता से पूरे परिसर में एक दिव्य और स्फूर्तिदायक माहौल बन गया। विद्यालय प्रबंधक कमेटी ने इस आयोजन को नई ऊर्जा और प्रेरणा का स्त्रोत बताते हुए कहा कि इससे आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

## एमपी रोही के कन्या विद्यालय में मनाया गया प्रवेश उत्सव

# विद्यार्थी जीवन स्वर्णिम दौर होता है : बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** एमपी रोही कन्या विद्यालय में छात्राओं को सम्मानित करते डीईओ।

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोहम्मदपुर रोही में आज प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। फतेहाबाद की जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की। खंड शिक्षा अधिकारी महेन्द्र सिंह विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ ओमप्रकाश कादयान व सेवानिवृत्त शिक्षिका आशा रानी विशेष आमंत्रित अतिथि थे। प्राचार्य भगवान दत्त की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रवेश महोत्सव में गांव के सरपंच रामेश्वर दास, पूर्व सरपंच गुरदयाल सिंह, एसएमसी प्रधान कालूराम भी शामिल हुए। हिंदी प्राध्यापक संजय ग्रोवर ने मंच संचालन किया। जिला शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी व प्राचार्य ने कक्षा छठी, सातवीं, आठवीं, नौंवी व 11वीं की परीक्षाओं में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया। इसके अलावा सुपर-100, खेल, पेन्टिंग के विजेताओं व एडवेंचर टूर से जुड़े 150 विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय में बेहतरीन कार्य करने के लिए शिक्षक रमेश कुमार शास्त्री, डीपीई अशोक कुमार, अजयपाल, दिलबाग सिंह, सुजाता रानी व अन्य को सम्मानित किया।

#### छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित

डीईओ ने छात्राओं को सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि बेटियों लिए कुछ भी असंभव नहीं है। अपने आप पर, अपनी मेहनत पर विश्वास करो, तुम सब वो कर सकती हो, जो तुम्हें ऊंचाईयों पर पहुंचा देगा। इस मंत्र से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन किसी के लिए भी स्वर्णिम दौर होता है। डीईओ ने ग्रामीणों से आह्वान करते हुए कहा कि अभिभावक लडकों के साथ-साथ लड़कियों की शिक्षा पर भी पूरा ध्यान दें ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके और वे भी आगे चलकर अपने गांव व परिवार का नाम रोशन कर सकें।